हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ८ अंक ४६ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० १७ अगस्त २०२३ दिन गुरुवार गाजीपुर/वाराणसी

# दिल्ली हाई कोर्ट की अहम टिप्पणी, क्रूरता की श्रेणी में आता है जीवनसाथी पर अवैध संबंध का झूठा आरोप

## तलाक के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट का अहम फैसला




प्रखर नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने पति–पत्नी के संबंधों को लेकर एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि अपने जीवनसाथी पर अवैध संबंध का झूठा आरोप लगाना भी क्रूरता की विशेष श्रेणी में आता है। तलाक के निर्णय को चुनौती देने वाली एक याचिका पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि इस तरह का आरोप, दो लोगों के बीच के भरोसे को पूरी तरह तोड़ देता है और ऐसा वैवाहिक रिश्ता टिक नहीं सकता। इस आधार पर न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति नीना कृष्णा बंसल की पीठ ने तलाक देने के पारिवारिक न्यायालय के निर्णय को बरकरार रखते हुए महिला की याचिका खारिज कर दी। मूल रूप से झारखंड के दुमका जिले की रहने वाली याचिकाकर्ता लता कुमारी ने हाई कोर्ट में पारिवारिक अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। 28 जनवरी 2019 को पारिवारिक न्यायालय क्रूरता के आधार पर तलाक का आदेश दिया था। इसके खिलाफ महिला ने ये दलील दी था कि अदालती प्रक्रिया में उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया। महिला ने कहा कि अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिए बगैर तलाक का आदेश न्याय के प्राकृतिक सिद्धांत के विरुद्ध है। प्रतिवादी पति ओम प्रकाश मंडल ने दलील दी कि अदालत द्वारा नोटिस जारी होने के बावजूद भी महिला अपनी मर्जी से अदालती कार्रवाई में शामिल नहीं हुई। पति ने आरोप लगाया कि कई मौके पर उनके साथ क्रूरता की गई। उसके मुताबिक महिला बिना जानकारी दिए 15 दिन से एक महीने तक घर छोड़कर चली जाती थी, उसे शारीरिक संबंध बनाने की अनुमति नहीं देती थी और उस पर अवैध संबंध रखने का आरोप लगाती थी। महिला ने जनवरी 2016 में उन्हें जहर देने की कोशिश की और एक बार बालकनी से कूदकर आत्महत्या का प्रयास भी किया। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता महिला द्वारा बालकनी से कूदकर आत्महत्या का प्रयास मानसिक क्रूरता है। इतना ही नहीं अवैध संबंध को साबित करने के लिए वादी महिला के पास कोई साक्ष्य नहीं हैं और यह वैवाहिक जीवन में अंतिम कील ठोकने की तरह है। पूरे मामले से यही निष्कर्ष निकलता है कि यह मानसिक क्रूरता का गंभीर मामला है। अदालत ने कहा कि उनका मानना है कि पारिवारिक न्यायालय का निर्णय तर्कसंगत है और इसमें हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। इसके साथ ही अदालत ने महिला की याचिका को खारिज कर दिया।

# फिर लटक गई बेसिक टीचर तबादला प्रक्रिया

## तबादले की प्रक्रिया जून में ही पूरी होनी थी




प्रखर एजेंसी। प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग की कार्य प्रणाली पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। हालत यह है कि विद्यालयों में शिक्षकों की तबादले की जो प्रक्रिया जून में पूरी होनी थी वह 15 अगस्त के बाद भी जारी है। न तो तबादला पाए शिक्षकों की ज्वॉइनिंग व कार्य मुक्ति हो रही है, न ही जिले के अंदर परस्पर तबादले पूरे हो रहे हैं। विभाग ने एक बार फिर इन दोनों प्रक्रिया के लिए डेट बढ़ा दी है। विभाग ने एक से दूसरे जिले में तबादला पाए 16616 शिक्षकों के मामले में सभी मंडल से शिक्षकों के रजिस्ट्रेशन का परीक्षण कर सूची अपडेट करने की तिथि 10 से 14 अगस्त निर्धारित की थी। किंतु लगभग पूरे प्रदेश में यह प्रक्रिया बीएसए के स्तर से नहीं पूरी की जा सकी है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल के अनुसार 51 जिलों में राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से दी गई सूचना के अनुसार सूची अपडेट नहीं की गई। वहीं 61 जिलों में एनआईसी की ओर से दी गई सूचना के अनुसार विवरण अपडेट नहीं किया गया। जबकि 65 जिलों ने कार्यभार ग्रहण कराए जाने का विवरण अपडेट नहीं किया। ऐसे में इन प्रक्रिया को पूरी करने के लिए 20 अगस्त का समय दिया गया है। यह प्रक्रिया समय पर न पूरा करने वाले बीएसए पर कार्यवाई की जाएगी। वहीं 16 अगस्त से प्रस्तावित स्कूल आवंटन की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है। दूसरी तरफ जिले के अंदर परस्पर तबादले से जुड़ी प्रक्रिया में बीएसए की ओर से मानव संपदा पोर्टल पर उपलब्ध डाटा गलत होने के कारण रजिस्ट्रेशन सत्यापित नहीं किया जा सका। इसे देखते हुए रजिस्ट्रेशन पत्र स्वीकृत या निरस्त करने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 17 अगस्त तक तिथि बढ़ाई गई है। इन सब प्रक्रिया में शिक्षकों के फंसे व परेशान होने का असर स्कूलों के पठन–पाठन पर भी पड़ रहा है।

बीएसए के स्तर से कुछ कमियां रह गई हैं, जिसे दूर कराकर स्कूल आवंटन की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। इस महीने के अंत तक पदोन्नति की भी कार्यवाई पूरी करने का लक्ष्य है। शिक्षकों को जल्द से जल्द इन योजनाओं का लाभ मिलेगा।– विजय किरन आनंद, महानिदेशक, स्कूल शिक्षा

विभाग ने एक से दूसरे जिले के तबादले के साथ ही परस्पर तबादले पूरे करने की बात कही थी। दो महीने होने को है और प्रक्रिया अधर में है। फरवरी से चल रही पदोन्नति भी नहीं पूरी हो पाई। इसमें लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए।– निर्भय सिंह, उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ

# अंतर्जनपदीय बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, बाइक व तमंचा बरामद




**पूछताछ में हुआ खुलासा, दो मोटसाइकिल कटवाकर पैसा आपस में बाटे**

प्रखर खेतासराय जौनपुर। स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय अंतर्जनपदीय बाइक चोरों का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। बुधवार को कस्बे के खुटहन रोड से तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से नकदी व तमंचा समेत मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। पूछताछ में तीनो ने गत दिनों मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकारी है। आवश्यक कार्यवाही के बाद सभी आरोपितों को चालान न्यायालय भेज दिया। एसएचओ राजेश यादव ने बताया कि पुलिस रोज की भांति बीट में मय हमराह पेट्रोलिंग पर थी, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बुधवार की सुबह आठ बजे सर्वरपुर वार्ड खुटहन रोड पर तीन संदिग्ध बाइक के साथ खड़े दिखाई दिये। पुलिस टीम को देख भागने लगे। तीनों को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में अपना नाम अमन गौतम पुत्र प्रकाश गौतम निवासी शाहापुर, अभिमन्यु गौतम पुत्र संजय गौतम डोभी व सुरेंद्र उर्फ बाबू पुत्र जियालाल निवासी सर्वरपुर बताया। तीनों ने पूछताछ में बताया कि दीदारगंज रोड के बस स्टैंड के पास से गत 21 जून को मोटरसाइकिल व 27 जुलाई को जमदहा से चोरी की गई घटना को संलिप्ता स्वीकार करते हुए गाड़ी को कटवाकर पैसा लेने की बात कही है जबकि खुदौली से 13 अगस्त चोरी की गई बाइक टीम के अन्य साथी दीपक को सरायमीर आजमगढ़ पुलिस ने मय बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी में अभियुक्तों के पास से एक पुरानी मोटरसाइकिल, एक अदद तमंचा कारतूस और करीब चार हजार नकदी बरामद की है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ राजेश यादव, उपनिरीक्षक रामभवन यादव,मंहगू यादव, हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव, संजय पांडेय, दिनेश यादव, अम्बिका, विकेश चौहान समेत अन्य पुलिस के जवान शामिल रहे।

# वाई 20 शिखर सम्मेलन में 29 देशों और 13 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 125 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत ने 1 दिसंबर, 2022 को 1 वर्ष की अवधि के लिए 30 नवंबर 2023 तक जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की इसकी अध्यक्षता के लिए भारत की थीम वसुदेव कुटुंबकम की सभ्यतागत मूल्य प्रणाली में निहित है जिसका अर्थ है दुनिया एक परिवार है द्य इसलिए, भारत की जी20 प्रेसीडेंसी का विषयरू श्एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्यश जी20 प्रेसीडेंसी के समग्र ढांचे के तहत, भारत सरकार के युवा मामले विभाग, युवा मामले और खेल मंत्रालय को यूथ20 (वाई20) शिखर सम्मेलन 2023 आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वाई 20 पूरे भारत में चर्चा आयोजित करने के लिए जी20 के आधिकारिक सहभागिता समूहों में से एक है वाई20 युवाओं को जी20 की प्राथमिकताओं पर अपनी आवाज और विचार व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

# सोनवल के संजीत कुमार सिंह ने पीएम मोदी से मुलाकात कर जिले का बढ़ाया सम्मान




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद के ग्राम सभा सोनवल निवासी संजीव कुमार सिंह और कलावती देवी के पुत्र संजीत कुमार सिंह ने जनपद का मान बढ़ाते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार स्मृति ईरानी और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात कर वोकल फॉर लोकल मुद्दे पर चर्चा की और सदन की कार्यवाही को देखने और सुनने का अवसर भी प्राप्त किया। बताते चलें कि संजीत कुमार सिंह इंटर कॉलेज, सुहवल, गाजीपुर के तेजस्वी छात्र हैं और इनका चयन मेटा और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से अमृतकाल में आयोजित अमृत जेनरेशन प्रतियोगिता में हुआ है। इस प्रतियोगिता में देश भर से कुल 36 छात्र – छात्राओं का चयन किया गया था। जिसमें गाजीपुर के संजीत कुमार सिंह का ही एक मात्र चयन उनकी योग्यता के कारण हुआ, संजीत ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया है। हम लोगों को संसद की कार्यवाही देखने और सुनने का मौका मिला, साथ ही लोकसभा स्पीकर ओम बिरला केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात हुई और उन्होंने हम सभी 36 चयनित छात्र छात्राओं से बात की और अमृत काल के साथ वोकल फॉर लोकल के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि, आप जब घर जाएं तो सुबह से रात तक जो भी आप चीजें इस्तेमाल करते हैं उसको सूची बद्ध करो और फिर आप देखोगे कि कितनी विदेशी चीजें हमारे घर में पहुंच गई, उसके बाद आप शॉर्ट लिस्टिंग करके उन चीजों को स्वदेशी से बदलने का प्रबंध करें। प्रधानमंत्री महोदय के साथ ऐसी सार्थक चर्चाओं के साथ हम लोग काफी उत्साहित हैं। संजीत कुमार सिंह की इस उपलब्धि से उनके माता, पिता, परिवार के साथ विद्यालय परिवार और क्षेत्र वासी भी काफी हर्षित हैं। एमएलसी विशाल सिंह चंचल, जिलापंचायत अध्यक्ष श्रीमती सपना सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा के साथ जनपद के गणमान्य लोगों ने इस विषय पर हर्ष व्यक्त करते हुए संजीत के साथ देश भर के सभी चयनित छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# आधा दर्जन बेखौफ बदमाशो ने लड़की को अगवा करके किया गैंगरेप का प्रयास, पांच गिरफ्तार

प्रखर जौनपुर। योगी सरकार में भी बेखौफ आधा दर्जन बदमाशों ने घर में घुसकर एक नाबालिंग लड़की का अपरहण करके उसके साथ सामुहिक बलात्कार करने का प्रयास किया। लड़की द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़े तो दरिंदें भाग निकले। यह मामला मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। लोकलाज के भय से पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत नही किया तो बेखौफ आरोपियों ने पूरे वारदात का वीडियों सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियों वायरल होने के बाद पीड़ित परिवार के पैरो तले जमीन खिसक गयी उधर पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। पुलिस के आला अफसर समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है तथा एक आरोपी की तलास में जुट गयी है। किशोरी की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 14 अगस्त की रात वह अपने पति व बेटी के साथ घर के बरामदे में खाट पर सो रही थी।आधी रात गांव के ही पुरानी रंजिश को लेकर छह युवक पहुंचे। बेटी को बेहोश कर बगल गन्ने के खेत में उठाकर लेकर चले गए। जहां सभी ने छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म की कोशिश की। बेटी के चिल्लाने की आवाज पर घरवाले खेत में पहुंचे, जिसके बाद आरोपित गालियां देते हुए फरार हो गए। लोक लाज की वजह से थाने में शिकायत नहीं किया, लेकिन छेड़खानी करने का वीडियो बुधवार सुबह आरोपितों ने प्रसारित कर दिया। मां की ओर से कोतवाली में आशीष, विक्की, गोरे, प्रमोद, पप्पू, शेषमणि के खिलाफ तहरीर दी गई है। तहरीर के आधार पर सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मौके पर पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह भी पहुंच आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए जरूरी निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण का कहना है कि छह नामजद आरोपियों में पांच को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# अंत्येष्टि में गए युवक की गंगा में डूबकर हुई मौत, दुसरे दिन हुआ शव बरामद



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिले के करंडा थाना क्षेत्र के चोचकपुर घाट पर मंगलवार की सायं 3 बजे अंत्येष्टि में गए एक युवक की गंगा में डूबने से मौत हो गई। अगले दिन बुधवार को मृतक की लाश उतराई मिलने पर पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदगंज थाना क्षेत्र के धरवां गांव निवासी अर्जुन सेठ उम्र 24 वर्ष पुत्र अरुण सेठ गांव के ही वृद्ध बोधा बिंद के अंत्येष्टि में मंगलवार को सायं तीन बजे चोचकपुर गंगा घाट गया था। दाह संस्कार हो जाने के बाद गंगा में मौनीबाबा घाट पर स्नान कर रहा था कि तभी उसका पैर फिसलने से गहरे पानी चला गया और डूबने लगा। जब तक लोगो की नजर पड़ी तब तक वह गहरे पानी में समा गया। लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर टीम को बुलाई गोताखोरों द्वारा बहुत तलाश किया गया लेकिन शव नही मिला।बुधवार की सुबह कुछ दूरी पर शव उतराया देखकर मछली पकड़ रहे मल्लाहों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। मृतक की मां आशा देवी का रो–रो कर बुरा हाल हो गया है।

## आशा व उत्साह का संचार करती अटल जी की कविताएं – डॉ. आरसी पांडेय

अटल जी एक कुशल राजनेता के साथ–साथ, सहृदय कवि व पत्रकार भी थे । वे राजनीति में शुचिता की प्रतिमूर्ति थे । राजनीतिक प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी । उनकी कविताएं जन–मन में उर्जा का संचार करती हैं । लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं । भीषण चुनौतियों से जूझने की ताकत देती हैं । निराश व हताश मन में आशा व उत्साह का संचार करती हैं । श्गीत नया गाता हूंश कविता में अटल विहारी वाजपेयी जी लिखते हैं कि "टूटे हुए सपनों की कौन सुने सिसकी ६ अन्तर की चीर व्यथा पलकों पर ठिठकी ६ हार नहीं मानूँग ६ रार नई ठानूँगा ६ काल के कपाल पे लिखता मिटाता हूँ ६ गीत नया गाता हूं"। उक्त पंक्तियों से स्पष्ट है कि अटल जी का नया गीत मनुष्य को परिस्थितियों का दास नहीं बल्कि नियंता बनाती है । वह अपने अदम्य साहस से कठिन परिस्थितियों को बदल सकता है । अटल जी विराट व्यक्तित्व के स्वामी थे । उनके विराट व्यक्तित्व की छाप उनकी कविताओं में स्पष्ट दिखलाई पड़ती है । उन्होंने मनुष्य के नैतिक बल को सर्वश्रेष्ठ माना । इसलिए प्रतिकूल परिस्थितियों का सामाना धैर्य व साहस से करना चाहिए । उन्होंने 'कदम मिला कर चलना होगा' कविता में मनुष्य की पारस्परिक एकता पर बल देते हुए लिखा कि 'बाधाएँ आती हैं आएँ ६ घिरें प्रलय की घोर घटाएँ ६ पावों के नीचे अंगारे ६ सिर पर बरसें यदि ज्वालाएँ ६ निज हाथों में हँसते–हँसते ६ आग लगाकर जलना होगा ६ कदम मिलाकर चलना होगा'। मनुष्य अपनी एकता के बल बड़े–बड़े संकट से उबर सकता है । आज जब समाज में बिखराव व पारस्परिक फूट का बोलबाला बढ़ता जा रहा है तो अटल जी की ये पंक्तियां समाज में परस्पर भाईचारे व एकता का संदेश देती हैं । अटल जी की कविताएं एक तरफ हर मन में आत्म विश्वास जगाती है तो दूसरी तरफ लोगों के उनके कर्तव्यों के प्रति सचेत भी करती हैं । 'न दैन्यं न पलायनम्' कविता में अटल बिहारी वाजपेयी जी लिखते है कि 'कर्तव्य के पुनीत पथ को ६ हमने स्वेद से सींचा है ६ कभी–कभी अपने अश्रु और ६ प्राणों का अर्ध्य भी दिया है'। अटल जी जीवन पर्यंत अपने कर्तव्य मार्ग में बिना किसी विचलन के सदैव आगे बढ़ते रहें । अटल जी ने राजनीति में जिस धैर्य, त्याग व संघर्ष की मिशाल कायम की वह आज की राजनीति में दूभर होती जा रही है । अटल जैसा व्यक्ति कठोर तप से बनता है । एक कुशल राजनेता के साथ–साथ वे कवि के रूप में भी लोगो के जीवन में खुशियां विखेरना चाहते थे । जीवन में आशा और जोश जगाने वाली इन पंक्तियों को देखा जा सकता है – 'कवि आज सुना वह गान रे ६ जिससे खुल जाएँ अलस पलक ६ नसदृनस में जीवन झंकृत हो ६ हो अंगदृअंग में जोश झलक' । उनके जैसा विराट व्यक्तित्व ही लिख सकता है कि 'दाँव पर सब कुछ लगा है,रुक नहीं सकते ६ टूट सकते हैं मगर हम झुक नहीं सकते' । अपने पूरे जीवन काल में बिना किसी समझौता के वे अपने सिद्धांतों पर अटल रहे । उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व है । भारत में ज्ञान व समृद्ध की एक विशाल परंपरा रही है जो उनके सांस्कृतिक चिंतन का आधार है । उन्होंने 'अखिल विश्व का गुरू महान' कविता में लिखा कि 'मैं अखिल विश्व का गुरू महान ६ देता विद्या का अमर दान६ मैंने दिखलाया मुक्ति मार्ग६ मैंने सिखलाया ब्रह्म ज्ञान६ मेरे वेदों का ज्ञान अमर६ मेरे वेदों की ज्योति प्रखर' । कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि अटल जी की कविताएं जीवन के प्रति आस्था पैदा करती है । मनुष्य में आशा व उत्साह का संचार करके उन्हें कर्म पथ पर निरंतर डटे रहने के लिए प्रेरित करती है ।



**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं )**







## उलझ रहा है चीन !

**कृष्णेन्द्र राय**



खुद ही अपने जाल में ।
उलझ रहा है चीन ।।
धीरे धीरे पैरों से ।
खिसक रही जमीन ।।
छुपा रहा है आंकड़े ।
जूझ रहा वो आज ।।
झेल रहा है मंदी ।
खुला आखिर राज ।।
हुई हालत खस्ता ।
दरक रहा आधार ।।
बढ़ी बेरोजगारी ।
है ठंडा बाजार ।।
अब तक महामारी से ।
उबर नहीं वो पाया ।।
ना माना वो फिर भी ।
दांत बहुत दिखाया ।।

## सोनपुर व भगवतीदेई के खनन मजदूर एवं गिट्टी ढोने वाले वाहन स्वामियों ने जनपद मुख्यालय पर किया धरना प्रदर्शन



प्रखर मिर्जापुर। अहरौरा क्षेत्र के सोनपुर भगौती देई के खनन से जुड़े मजदूर गिट्टी ढोने वाले चालक एवं वाहन स्वामी अपनी अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर भवन के समीप बंद पड़े खनन को तत्काल चालू कराने को लेकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए तत्काल क्षेत्र में खनन को चालू करने को लेकर सांकेतिक धारना प्रदर्शन किया । अहरौरा क्षेत्र में एनजीटी के द्वारा खनन पर रोक लगने के बाद 26 क्रेशर एवं 40 पट्टा धारकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके व्यवसाय को पिछले तीन महीने से बंद कर दिया गया है। जिससे मजदूरों समेत खनन व्यवसाय से जुड़े गिट्टी ढोने वाले ड्राइवर एवं वाहन स्वामियों के पास रोजी रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है इस क्षेत्र से जुड़े इन लोगों के सामने भुखमरी जैसी हालत हो गई है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए व्यवसाय से जुड़े मजदूरो ने एनजीटी में शिकायत करने वाले संपूर्णानंद के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संपूर्णानंद की वजह से हमारी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है ।पूछने पर मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं। वहीं मजदूरो ने राष्ट्रपति को नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौपते हुए तत्काल बंद पड़े खनन का व्यवसाय चालू करने की मांग की है। नहीं तो व्यवसाय से जुड़े लोगों के साथ मजदूर आने वाले समय में बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## पीजी कालेज के आचार्य गण ने काली पट्टी बांधकर किया बायोमेट्रिक उपस्थिति का किया विरोध



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बुधवार को विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ के आह्वान पर अनिवार्य बॉयोमेट्रिक उपस्थिति के विरोध में काली पट्टी बाँधकर 16 अगस्त 23 को दोनो पालियो में क्रमशः प्रातःकाल तथा पूर्वाह्न पाली में कार्य करते पीजी कॉलेज, गाजीपुर के आचार्यगण इं0 बी0सी0 झा, डॉ0 लवजी सिंह, डॉ0 मंजीत सिंह, डॉ0 राकेश वर्मा और डॉ0 अनुज कुमार मिश्र, महामंत्री मनोज कुमार सिंह, डॉ0 जे0 के0 राव संयुक्त मंत्री, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ एवं उपाध्यक्ष, पीजी कॉलेज शिक्षक संघ के साथ काली पट्टी बाँधकर आंदोलन के प्रथम चरण का आरंभ किया अपराह्न के , प्रारंभ तक महाविद्यालय के सभी शिक्षक बाँह पर काली पट्टी बाँधकर कार्य करते दिखाई दिए।







## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया

प्रखर चिरईगाव वाराणसी । उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष अध्यापक हृदय सम्राट परम श्रद्धेय डॉ दिनेशचन्द्र शर्मा व ऊर्जावान प्रादेशिक महामंत्री श्रीमान संजय सिंह के द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार 18 सूत्रीय मांग पत्र संबंधी ज्ञापन जो माननीय मुख्यमंत्री जी को क्षेत्रीय विधायक के माध्यम से दिये जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है उसी क्रम में आज माननीय विधायक शिवपुर , वाराणसी श्री अनिल राजभर जी जो उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री भी हैं उन्हें उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई चिरईगांव एवं ब्लॉक इकाई हरहुआ के पदाधिकारीगण द्वारा ज्ञापन दिया गया । प्रतिनिधि मण्डल को माननीय मंत्री जी द्वारा आश्वस्त किया गया कि इस ज्ञापन को कल ही माननीय मुख्यमंत्री जी को मैं व्यक्तिगत रूप से दे दूंगा । संगठन के पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई माननीय मंत्री जी को दिया जिसके लिए माननीय मंत्री जी ने सभी का आभार व्यक्त किया प्रतिनिधिमंडल में सर्वश्री ज्योति भूषण त्रिपाठी ब्लॉक अध्यक्ष चिरईगांव एवं शैलेंद्र पांडे ब्लॉक मंत्री चिरईगांव, हरहुआ विकासखंड के मंत्री रमाशंकर यादव, विरेंद्र प्रताप सिंह , बृजेश यादव, पार्थेश्वर पांडे, राजपति साहनी, शीतला यादव, अशोक कुमार सिंह, घनश्याम भारती, विनोद कुमार, सुनील तिवारी, अजीत कुमार, ज्वाला प्रसाद यादव, पंकज कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## चारों तरफ रही आजादी के उत्सव की धूम, शान से लहराया तिरंगा

प्रखर जखनियां/दुल्लहपुर गाजीपुर। क्षेत्र के गांव कस्बों और बाजारों में देश के सतहत्तरवें आजादी का उत्सव अपने शबाब पर रहा। शान से तिरंगा फहरा राष्ट्रगान गाया गया। जगह–जगह प्रभात फेरियां और वैचारिक गोष्ठियों का आयोजन किया गया।मेरी माटी मेरा देश पर आधारित रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। तिरंगा यात्रा भी निकाली गई। 77 वें स्वतंत्रता दिवस पर बुढानपुर ग्राम सभा स्थित नवनिर्मित पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक सिंह व ग्राम पंचायत सचिव आरती यादव ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर आजादी की लड़ाई में अमर बलिदानी शहीदों को नमन करते हुए सभी लोगों को अपने अपने कर्तव्य परायणता का संकल्प दिलाया गया। लोगों को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत सचिव आरती यादव ने कहा कि न्यायालय का बोझ कम करने के लिए ग्राम प्रधान अपने–अपने पंचायत भवन पर चौपाल लगाकर आपसी विवाद का हाल कर सकते हैं। जिससे एक तरफ जहां न्यायालय पर बोझ कम होगा वहीं ग्राम पंचायत स्तर पर ही विवाद के निपटने से आपसी प्रेम व्यवहार और संबंध भी बना रहता है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक सिंह ने कहाकि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने कर्तव्यों का बोध करने के साथ ही गांव के सर्वांगीण विकास के लिए आपसी परस्पर भाईचारा बनाकर रहना भी एक पुनीत कर्तव्य साबित होगा।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान रीता देवी, अरुण सिंह, गिरीश जायसवाल, मिलन सिंह, संतोष सिंह राज नारायण सिंह, सुरेश राम इत्यादि उपस्थित रहे।इसी क्रम में बुढानपुर चौरा के प्रधान प्रतिनिधि सूरज सिंह उर्फ काकू सिंह ने भी ध्वजारोहण किया।और ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास के बावत सरकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाए जाने पर जोर दिया।

दुल्लहपुर स्थित ओम आदि शक्ति इ०का०मे शारदा राय तथा रामधारी राय इ०का०मे संजय राय ने झंडा फहराया। सिखड़ी में योगेन्द्र राय ने ध्वजारोहण किया।

## सपा कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया



प्रखर जौनपुर । समाजवादी पार्टी कार्यालय पर 15 अगस्त– स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। जिला कार्यालय में ध्वजारोहण कर जन–गण–मन राष्ट्रीय गीत के साथ सलामी दी गई और इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के दौर में शहीदों के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अववनाथ पाल ने स्वतंत्रता दिवस पर संदेश देते हुए कहा कि भारत को आजादी तमाम शहादतों के बाद मिली है। उनकी कुर्बानी भुलाई नहीं जा सकती है। आज जब हम आजादी की खुशियां मना रहे हैं हमें आजादी की लड़ाई में लिए गए संकल्पों और स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करने का व्रत लेना होगा। हमें आजादी के साथ चुनौतियां भी मिली है। आज महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। अगर दुनिया के आंकड़ों को देखें तो स्वास्थ्य के क्षेत्र में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर हमारा देश बहुत पीछे दिखाई दिया है। किसानों की आर्थिक दिक्कत बढ़ी है। कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा आजादी में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले क्रांतिकारी भगत सिंह और दूसरे क्रांतिकारियों को भी याद करते हुए नमन करते हैं जिनके संघर्षों से हमें आजादी मिली। हम आज के दिन उनके सपनों को पूरा करने का भी संकल्प लेते है। मुख्य रूप से नि० महासचिव अखंड यादव राजन यादव, राजेन्द्र टाइगर,राहुल त्रिपाठी, शकील अहमद,इर्शाद मंसूरी,साजिद अलीम,अनील दूबे,मेवालाल गौतम,कमालुद्दीन अंसारी अजमत अली,डां समीम अरशद कुरैशी, तारा त्रिपाठी, लक्ष्मी शंकर यादव,अलमाश सिद्दीकी,हफीज शाह,धर्मेंद्र सोनकर, कमाल आजमी,सरफराज अंसारी,सोनी यादव,पप्पू भाई,अमजद आदि लोग उपस्थित रहे।




## विंदेश्वरी दूबे इंटर कालेज में मना स्वतन्त्रता दिवस, छात्राओं को बांटी गई साइकिल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। देश की 77 वीं स्वतंत्रता दिवस पर विन्देश्वरी दुबे इंटर कालेज दुबाईन पोखरा यूसुफपुर में स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक वेदी राम जी झंडारोहण कार्यक्रम कर आजादी के वीर शहीदो को नमन किया। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा सूदूर क्षेत्र से विद्यालय आने वाली छात्राओं को सायकिल वितरण कर पढेगी बेटियां, बढ़ेगी बेटियां को सार्थक पहल किया। उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के मुख्य अतिथि डा0 दयाशंकर मिश्रा ष्दयालुष द्वारा सायकिल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि द्वय द्वारा देश की स्वतंत्रता को अक्षुण एवं देश की सुरक्षा के लिए मजबूत राष्ट्र के लिए युवाओं की भूमिका सकारात्मक हो इसका आवाहन करते हुए एक जागरूक नागरिक बनने का मंत्र दिया। मैरी माटी मेरा देश और आजादी के अमृत महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपस्थित जनार्दन सिंह ष्सर्वोदयष, पूर्व प्रधान योगेन्द्र दूबे, सुनील दूबे, ब्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश जायसवाल, मोनू बाबा, बिनोद दुबे, पूर्व प्रधान यूसुफपुर अजय सिंह, डा 0 अभ्यूदय दुबे ष्प्रांजलष, रण बिजय सिंह, माता राजमती बालिका हा0 से0 स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती उषा दूबे, बिमला रमाशंकर महाविद्यालय के प्राचार्य डा 0 कुंज बिहारी वर्मा, डा0 विनीता, शिवचन्द मौर्या, फारुख, सोहन यादव, रामजी राम व सेक्रेट हर्ट इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल बिगेन तमांग सहित समस्त संस्थाओं के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दयाशंकर सिंह ने किया और

# नाबालिग को भगाने व दुष्कर्म करने वाले युवक व एक अन्य युवक द्वारा युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले दो अलग–अलग आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल






प्रखर अहरौरा।मिर्जापुर। स्थानीय थाना पर दिनांक : 26.07.2023 को थाना अहरौरा क्षेत्रांतर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध अपनी (वादी की) नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना अहरौरा पर मु0अ0सं0–126/2023 धारा 363,366 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक 'अभिनन्दन' द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करते हुए अपहृता की बरामदगी कराये जाने हेतु प्रभारी निरीक्षक अहरौरा को निर्देश दिये गये । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अहरौरा पुलिस द्वारा अपहृता को पूर्व में बरामद कर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–126/2023 धारा 363,366,373,120बी भादव व = व 16/17 पॉक्सो एक्ट में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए आज दिनांक:16.08.2023 को प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त सनी सोनकर पुत्र अमरनाथ सोनकर निवासी जगदीशपुर मवैया थाना चील्ह को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया । वही एक अन्य मामले में युवक द्वारा युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा है इस संबंध में क्षेत्रांतर्गत निवासी एक युवती द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध दुष्कर्म करने तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना अहरौरा पर मु0अ0सं0–138/2023 धारा 376,504 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–138/2023 धारा 376,506,504,323,342 भादवि में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते आज दिनांक:16.08.2023 को प्रभारी निरीक्षक अहरौरा कुमुद शेखर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्र से नामजद अभियुक्त उदित नारायण पुत्र चेतनारायण निवासी सुन्दरपुर थाना चुनार को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया ।

## 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजा राम स्मृति पी॰जी॰ कालेज चाँदपुर सिंगारपुर के बच्चों द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा



प्रखर चंदवक जौनपुर। 77 स्वतंत्रता दिवस के अवसर राजा राम स्मृति पीजी कालेज चाँदपुर सिंगारपुर कॉलेज के बच्चों द्वारा निकाला गया।तिरंगा यात्रा चांदपुर सिंगारपुर बाजार के प्रमुख सड़कों द्वारा होते हुए। तिरंगा झांकी व रैली का शानदार आयोजन किया गया।इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक ईव अनिल कुमार यादव द्वारा झंडा फहराने का कार्यक्रम किया गया।साथ में उपस्थित महाविद्यालय के सव प्रचार्य डॉ सुरेंद्र प्रताप श्री सुनील यादव (प्रधानाध्यापक),श्री मुलायम यादव, आदि सभी लोग मौके पर मौजूद रहे इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## मध्य रेल के महाप्रबंधक ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया



प्रखर मुंबई। मध्य रेल के महाप्रबंधक नरेश लालवानी ने दिनांक 15.8.2023 को मध्य रेल मुख्यालय, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई में 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। नरेश लालवानी ने सभा को संबोधित करते हुए सभी रेलवे कर्मियों, उनके परिवारों और सम्मानित ग्राहकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, रेलवे ने देश के एकीकरण और नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रेलवे परिसर और रेलगाड़ियाँ भी स्वतंत्रता संग्राम की कई महत्वपूर्ण घटनाओं की गवाह रहीं। रेलकर्मियों ने भी हर घर तिरंगा के तहत अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया है. उन्होंने वर्ष 2022–23 और 2023–24 के पहले चार महीनों में मध्य रेलवे की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। नरेश लालवानी ने भारतीय पुलिस पदक से सम्मानित होने पर प्रदीप लोखंडे सब इंस्पेक्टर आरपीएफ, नागपुर को बधाई दी। बाद में नरेश लालवानी एवं श्रीमती. मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती शोभना लालवानी ने भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर मेमोरियल अस्पताल, भायखला में विभिन्न सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्षा श्रीमती शोभना लालवानी और अन्य सदस्य, श्री आलोक सिंह, अपर महाप्रबंधक और प्रमुख विभागाध्यक्ष, श्री रजनीश कुमार गोयल, मंडल रेल प्रबंधक, मुंबई मंडल, मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस समारोह का मध्य रेल के फेसबुक पेज, ट्विटर और यूट्यूब चौनल पर लाइव वेबकास्ट किया गया।

## कुबा इंटरनेशनल स्कूल में मना आजादी का जश्न





प्रखर खेतासराय जौनपुर। आजादी की 77 वीं वर्षगांठ के अवसर पर शाहगंज तहसील क्षेत्र के उसरहटा स्तिथ कुबा इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को धूमधाम से आजादी का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर मोहम्मद अरशद ने ध्वजारोहण किया।बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ फारुख अरशद मौजूद रहे। प्रधानाचार्य अनवार अहमद खान ने छात्रों को देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई व सोदा रेहान के द्वारा पेश की गई ष्ए प्यारे वतन भारत तू जान से प्यारा है।ष्नज्म के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम का संचालन मनाल अहसान ने किया। प्रोग्राम को तैयार कराने में अबुआजम ,अब्दुल्ला खान ,अमजद की अहम भूमिका रही।वही प्ले ग्राउंड की परेड की कमान अम्बिका प्रसाद यादव ने बखूबी संभाला। कार्यक्रम में अर्शीन और असफीन द्वारा पेश की गई पैट्रीयाटिक नज्म , उस्मान द्वारा किया गया अभिनय, इब्राहिम शेख की उर्दू स्पीच ,ऐमन और कश्मीरा बेलाल द्वारा पेश की गई ग्रुप नज्म को खूब सराहा गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मनित किया गया। दसवीं की छात्रा सलमा बानो को पांच हजार का चेक उनके विषय अध्यापक अबू आजम के साथ दिया गया।यह पुरस्कार उर्दू में शत प्रतिशत अंक हासिल करने पर दिया गया।स्कूल के मैनेजर मौलाना अबरार अहमद सिद्दीकी ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सभी आगंतुकों का तहे दिल से धन्यवाद फरमाया।




## कलेक्ट्रेट परिसर में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस डीएम ने किया झंडोत्तोलन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। कलेक्ट्रेट परिसर गाजीपुर मे 77वां स्वतन्त्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कलेक्ट्रेट परिसर मे झण्डारोहण किया तत्पश्चात राष्ट्रगान से पूरा वातावरण गूंज उठा। उसके पश्चात स्कूली बच्चो मे मिठाइयां बांटी गयी। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वतन्त्रता समारोह पर बधाई देते हुए कहा कि आज हम 15 अगस्त 2023 को अपना 77वां स्वाधीनता दिवस समारोह मना रहे है। यह अत्यन्त महत्वपूर्ण अवसर हमें लम्बे संघर्ष एवं बलिदान के पश्चात प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखाण्डता,धार्म निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को न केवल अक्षुण्ण बनाये रखना जरूरी है, बल्कि सर्वधर्म सम्भाव व भाई चारे की भावना को भी स्थापित करना हमारा पुनीत कर्तव्य है। आज का दिन हमारे देश के ज्ञात–अज्ञात अगणित देश भक्तों तथा शहीदों को स्मरण करने का भी दिन है, जिनके अकथनीय संघर्षध्बलिदान के फलस्वरूप हमें आज यह गरिमामयी दिन मनाने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है।

## सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह में ध्वजारोहण कर हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान में 77 वॉ स्वतंत्रता दिवस हर्षोउल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया भारत के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित 9 अगस्त से 15 अगस्त तक निर्देशित कार्यक्रम मेरा माटी मेरा देश के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य इस अवसर पर मुख्य अतिथि 39 वी प्लाटून कमांडर प्रेम शंकर यादव ने कहा कि प्रथम बार अपनी बटालियन के साथ किसी महाविधालय में स्वतन्त्रता दिवस में सम्मिलित होकर सुखद अनुभव महसूस कर रहा हूं संस्था प्रमुख व प्राचार्य डॉ. प्रभु नारायण दूबे ने कहा कि अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरा माटी मेरा देश का कार्यक्रम हम लोग को एक नयी ऊर्जा दे रही है। समन्वयक व शिक्षाविद डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि वीर जवानों के बलिदान के योगदान को आत्मसात करके इसे आगे बढ़ाना चाहिए निदेशक आशीर्वाद दूबे ने कहा कि भारत आज एक स्वर्णिम भारत का निर्माण कर रहा है। उप प्राचार्या डॉ० रमा दूबे ने सभी छात्राओं और शिक्षकों को स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामना संदेश दिए इण्टरमीडिएट कालेज की प्राचार्या आशा पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कहा कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम एक नया जोश पैदा कर दिया कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरोज सिंह ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई डॉ. मनोरमा तिवारी, दृतीय इकाई डॉ. शालिनी मिश्रा, तृतीय इकाई डॉ. पूजा सिंह, डॉ. अवनीश पाण्डेय, डॉ श्याम सुन्दर मिश्र, डॉ. आनंद प्रकाश पाठक, डॉ. संतोष ओझा, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. सत्येन्द्र कुमार, डॉ. मदीना आरा, डॉ. अपराजिता सिंह, डॉ. अर्चनाश, डॉ. रेखा यादव, डॉ. पवन सिंह, डॉ.आशिष मिश्रा, डॉ. प्रवीण कुमार पटेल, डॉ. सलीम सिद्दकी, डॉ. शांतनु चतुर्वेदी, डॉ. धम्म प्रिय गौतम, डॉ. सुनील पाण्डेय, डॉ. प्रवीण मिश्रा, डॉ० प्रियंका गिरी, डॉ. मंजू शुक्ला डॉ. नन्द लाल यादव एवं समस्त शिक्षक कर्मचारी ने अपना पूर्ण सहयोग दिया द्य छायांकन डॉ० राजकुमार श्रीवास्तव ने किया।

## स्व. डॉक्टर कुबेर सिंह स्नानकोत्तर महाविद्यालय सहित क्षेत्र में हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया गया 77 वां स्वतंत्रता दिवस



प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। आजादी का 77 वां स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव के रूप में अहरौरा क्षेत्र में स्थित स्वर्गीय डॉक्टर कुबेर सिंह स्नाकोत्तर महाविद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं विद्यालय,पंचायत भवनों , थाना भवन एवं पुलिस चौकी पर ध्वजारोहण किया गया विद्यालयों में ध्वजारोहण के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। स्वर्गीय डॉक्टर कुबेर सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रबंधक नागेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रेरणा से ओतप्रोत रहने को कहा और स्वतंत्रता सेनानियों के विचारों एवं जीवन गाथा को भी बतलाया इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अहरौरा बांध जूनियर इंजीनियर नरसिंह मौर्या ने किसानों के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर स्वतंत्रता दिवस मनाया। क्षेत्र के क्रेशर एवं कटर व्यवसाययों ने अपने–अपने प्लांट पर भी राष्ट्रीय ध्वज फहराकर अपने कर्मचारियों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। क्षेत्र के एका जंगल वाटर पार्क में भी स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लाह पूर्वक मनाया गया इस अवसर पर पूरे एक्वा जंगल वाटर पार्क को राष्ट्रीय तिरंगे से सजाया गया था उसके साथ ही तिरंगे का गुब्बारा भी प्रवेश द्वार पर लगाया गया था जो देखने में काफी सुंदर लग रहा था। वाटर पार्क में आने वालों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा था इस अवसर पर एक्वा जंगल वाटर पार्क के व्यवस्थापक राकेश सिंह सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे, पुलिसकर्मियों ने भी थाने एवं चौकियों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया कर खूब शान से स्वतंत्रता दिवस मनाया ।वही नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने तिरंगा यात्रा की प्रभात फेरी निकाल 77 वा स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव के रूप में मनाते हुए अपने अपने विद्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम प्रधान एवम ग्रामीणों ने पंचायत भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर स्वतंत्रता दिवस मनाया।




## ग्रामीण क्षेत्रो में शान से फहरा तिरंगा




प्रखर पिंडरा वाराणसी। ग्रामीण क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम व हर्सोल्लास के बीच मनाया गया। पिंडरा तहसील पर एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा, विकास खण्ड मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविशंकर सिंह व बीडीओ छोटेलाल तिवारी, गजोखर स्थित नवोदय विद्यालय में प्राचार्य नागेश मिश्रा, खालिसपुर स्थित सन्त नारायण इंटर कालेज में तहसीलदार विकास पांडेय, फूलपुर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में एडीओ एसटी आनंद मिश्रा व प्रबन्धक संजीव सिंह, रमईपुर स्थित त्रिपदा पब्लिक स्कूल में प्रबन्धक कन्हैया लाल पटेल, पिंडरा में सोनार समाज एसोसिएशन के जिला प्रभारी चंद्रशेखर सेठ, ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बीईओ देवी प्रसाद दूबे व फूलपुर में डॉ वीरेंद्र विश्वकर्मा ने ध्वजारोहण किया। पिंडरा बाजार में उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष रामू गुप्ता द्वारा सैकड़ो व्यापारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण के बाद तिरंगा यात्रा निकाली।

इसके अलावा कथौली स्थित शारदा महिला महाविद्यालय , फूलपुर स्थित बीआर मेमोरियल महाविद्यालय, गंगापुर स्थित ग्राम्यांचल महिला डिग्री कॉलेज, दबेथुवा स्थित देवमूर्ति शर्मा इंटर कालेज, पिंडरा स्थित नेशनल इंटर कालेज, कथौली स्थित पूर्वाचंल आईटीआई व पिंडरा बाजार में व्यापार मंडल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वही परिषदीय विद्यालयों में छोटे बच्चों ने उत्साहपूर्वक तिरंगा को लहराया और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की।

## पुलिस अधीक्षक ने ध्वजारोहण कर दिलाया सत्यनिष्ठा का संकल्प

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा अपने आवास पर ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित अधिकारियो, कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए दी ।तत्पश्चात पुलिस लाइन स्थिति क्वार्टर गार्ड में ध्वजारोहण किया तथा उपस्थिति अधिकारियो, कर्मचरियों को सत्यनिष्ठा से कार्य करने एवं राष्ट्र की स्वतंत्रता एवं अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने की शपथ भी दिलायी।साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारीगण को पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया व यू0पी0 112 मुख्यालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारीयों को भी प्रशस्त्रि पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। तथा उपस्थित अधिकारियो, कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए दी। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा पुलिस परिवार के प्रत्येक सदस्यों के साथ ही समस्त जनपद व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं व बधाई दी गयी। तत्पश्चात् पर्यावरण संरक्षण हेतु रिजर्व पुलिस लाइन गाजीपुर में वृक्षारोपण किया गया।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्य तिथि पर हुआ स्वास्थ शिविर का आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अम्मा इंडिया वाराणसी तथा लघु उद्योग भारती काशी द्वारा स्वास्थ्य शिवर का आयोजन किया गया औद्योगिक अस्थान चांदपुर वाराणसी स्थित एमएसएमई सैमसंग टेक्निकल स्कूल मे स्वास्थ जांच का आयोजन ऑक्टिवा हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। राजेश कुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष अम्मा इंडिया (यूं पी) अध्यक्ष लघु उद्योग भारती काशी प्रांत ने बताया की आज भारत रत्न श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संगठन द्वारा स्वास्थ शिवर का आयोजन किया गया जिसमे उद्यमियों ,कर्मचारियों ,छात्रों तथा उनके परिवार जनों के स्वास्थ की निशुल्क जॉच कराई गईं जिसमे डाक्टर नागेश सिंह ,अभिषेक लाला द्वारा लगभग 100 उद्यमियों, छात्रों ,कर्मचारियों की जॉच कर निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। हिमांशु शेखर कस्टोडियन एमएसएमई सैमसंग स्कूल ने अम्मा इंडिया लघु उद्योग भारती संगठन को धन्यवाद दिया कार्यक्रम मे राजेश चौधरी, वी के राना , रितेश बरनवाल असिस्टेंट डायरेक्टर एमएसएम तथा हिमांशु शेखर कस्टोडियन एमएसएमई सैमसंग, उद्यमी ज्योति शंकर मिश्रा ,अरुण सिंह, प्रत्युष श्रीवास्तव, प्रियंका, राजकीरण, दिनेश गुप्ता, गुलजारी लाल गुप्ता सहित काफी संख्या मे छात्र – छात्राओं ने स्वास्थ जांच का लाभ लिया।













# स्वतंत्रता दिवस पर हाशमी वेलफेयर सोसाइटी ने किया ध्वजारोहण सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मान समारोह का आयोजन



प्रखर वाराणसी। 15 अगस्त को हाशानी बेलफेयर सोसाइटी का दुसरा राष्ट्रीय अधिवेसन मड़ौली स्थित त्रिभुवन वाटिका में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब निजामदिन हाशमी और राष्ट्रीय महासचिव इकबाल हाशमी, प्रदेश अध्यक्ष लाल मुहम्मद हाशमी, प्रदेश महासचिव इस्तेखार हाशमी ने ध्वजारोहण का कार्यक्र का शुभारंभ किया।इस अवसर पर संगठन द्वारा फ्री कोचिंग में पढ़ने वाले बच्चों को 25 बच्चों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। समाज मे शिक्षित होकर मेहनत के बल पर डाक्टर, इन्जीनीयर, टीचर, लायर, प्रोफेसर इन लोगों को भी सम्मानित किया गया। इस साल हाईस्कूल, इंटर में 70: उपर अंक पाने वाले बच्चों को भी मेडल और ट्राफी देकर उनका हौसला बढ़ाने के लिए सम्मानित किया गया। संगठन का उद्देश्य सर्वसमाज के गरीब बच्चों को शिक्षित कर उन्हें देश की मुख्यधारा में जोड़ने और देश का सम्मान बढ़ाने में प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर वक्ताओं में राष्ट्रीय संयोक बदरूदीन हाशमी राष्ट्रीय सलाहकार, अमजद हाशमी एडवोकेट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, हाजी तौफीक प्रदेश उपाध्यक्ष, डा0 असलम हाशमी, डा. कुसीमुल्लत हाशमी, सईद हाशमी,डाक्टर जावेद –शाहिद,डाक्टर मेराज हाशमी , नसीम हाशमी,जमौल हाशमी, जमालुद्दीन एवं मुन्नवर एडवोकेट,सनाउल्लाह हाशमी और रुस्तम हाशमी, आदि लोग रहे।

# पत्रकारपुरम में शान से फहरा तिरंगा



प्रखर वाराणसी। मीडिया से जुड़े लोगों की कॉलोनी पत्रकार पुरम 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडातोलन किया गया। इस अवसर पर पूर्व महासचिव पत्रकारपुरम विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार राय, डॉ राज कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। झंडोत्तोलन से पूर्व सामूहिक प्रयास से कॉलोनी के पार्क को साफ किया गया। इस प्रयास में वरिष्ठ पत्रकार व पुरुषोत्तम चतुर्वेदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सभी कॉलोनीवासी व वरिष्ठ पत्रकार साथी सम्मिलित हुए। प्रमुख रूप से सर्वश्री डॉ अरविंद सिंह,अजय राय, शैलेश चौरसिया(महासचिव), पुरुषोत्तम चतुर्वेदी, संदीप गुप्ता, एडवोकेट शिव प्रकाश सिंह डॉ विजय नारायण सिंह, नरेंद्र यादव, जगधारी, अंजनी कुमार राय, मनीष सिंह, वरुण सिंह, एस के मेहरा, प्रकाश द्विवेदी, राम दयाल, अंजनी शुक्ला मोहम्मद आमिर मोहम्मद शाहिद आसिफ आदि उपस्थित थे।

# ट्रेलर की चपेट में आने से सायकिल सवार की मौत



प्रखर मिर्जापुर। मुहकुचवां के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत पर आक्रोशित ग्रामीणों ने मीरजापुर सोनभद्र मार्ग को घंटो जाम लगाया सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझा कर जाम समाप्त करा शव को कब्जे में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को थाना को0कटरा क्षेत्रान्तर्गत राबर्ट्सगंज तिराहा–मुहकुचवां के पास मोटरसाइकिल वाहन सवार कमलेश पुत्र मुन्नीलाल निवासी लच्छापट्टी थाना को0देहात जनपद मीरजापुर उम्र 28 वर्ष की ट्रेलर वाहन की चपेट में आने से दबकर मौके पर मृत्यु हो गयी। सूचना पर पुलिस एवं प्रशासनिक उच्चाधिकारीगण तथा थाना को0कटरा पुलिस बल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर ट्रेलर के चक्के में फंसे हुए मृतक के शव को क्रेन की मदद से बाहर निकलवाया गया। थाना को0कटरा पुलिस बल द्वारा मृतक के शव तथा ट्रेलर वाहन को कब्जे में लेकर कार्यवाई की गई।

# 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मनाया स्वतंत्रता दिवस एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत एक वृहद पैदल रैली का आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सुरेंद्र चौधरी, पुलिस उप महानिरीक्षक के नेतृत्व में 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा एक वृहद पैदल रैली का आयोजन किया गया द्य रैली की अगुवाई अनिल कुमार वृक्ष ,कमांडेंट 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कर रहें थे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 95 मुख्यालय के शस्त्रागार पर कमांडेंट महोदय ने ध्वजारोहण किया एवं स्पेशल गार्ड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और महोदय द्वारा जवानों को संबोधित किया गया संबोधन में इस वर्ष वीरता पुरस्कार चक्र पुरस्कार, पुलिस गैलंट्री मेडल कीर्ति चक्र और अन्य मेडलों पुरस्कार सम्मानित किए अधिकारी व अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों का नाम पढ़कर सुनाए एवं कमांडेंट द्वारा अधिकारियों एवं जवानों को मिष्ठान वितरण किए इसके उपरांत पैदल रैली 95 मुख्यालय से मंडी के गेट नंबर एक पहड़िया चौराहे, अकथा चौराहे पुनः गेट नंबर–2 होते हुए वाहिनी के मुख्यालय पहुची इस मुख्य अतिथि सुरेन्द्र चौधरी पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज चंदौली थे द्य रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना उनमें देशभक्ति की भावना का संचार करना , लोगों के मन में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बलवती करना तथा काशी वासियों को 13 से 15 अगस्त तक अपने घर, गली, चौक , चौराहों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में निर्तिद्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, उमाकांत ओझा, नवनीत कुमार उप कमांडेंट, अभिषेक कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, सुजय यादव सहायक कमांडेंट, भारी संख्या में 95 बटालियन के जवान व अन्य अधिनस्थ अधिकारी शामिल हुए।

# विद्यालय में उत्साह पूर्वक मना आजादी का उत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने गाया देशभक्ति गीत



प्रखर मऊ। जनपद के विकास खंड रानीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरवां के द्वारिकापुर गांव स्थित इंद्रासनी देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में देश के छिहत्तरवें आजादी का उत्सव हर्ष और उल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रभात फेरी निकाली गई ।प्रभातफेरी के दौरान बच्चों के हाथों में राष्ट्रीय सम्मान और वीरों के स्वाभिमान का प्रतीक ध्वज तिरंगा जहां लहरा रहा था वहीं गगनभेदी नारे उत्साह में चार चांद लगा रहे थे। इसके पहले निर्धारित समय के अनुसार विद्यालय परिसर में ध्वजस्थल पर मुख्य अतिथि शंभूशंकर दुवे(कलेक्ट्रेट बाबू एवं कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ मऊ के जिलाध्यक्ष) ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्र गान की सामूहिक प्रस्तुति की गई ।इस मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए शंभूशंकर दुवे ने कहा कि अगस्त महीने की पन्द्रह तारीख आते ही गुलामी के बंधन से मुक्त होकर खुली हवा में सांस लेने का सुखद अहसास होने लगता है ।आज ही के दिन देश भक्तों और आजादी के दीवानों की कठोर यातनाओं और असह्य वेदनाओं की बदौलत देश को आजादी मिली ।आज आजादी के इतिहास पर प्रकाश डालने एवं अमर सपूतों को स्मरण कर नमन करने का दिन है। उन्होंने कहा कि भारत की भूमि भी धन्य है इस शस्य श्यामला भूमि पर देवता भी जन्म लेकर अपने आप को धन्य मानते हैं ।यह मेरी माटी और मेरे देश का ही प्रभाव है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हा मुन्ना राही हूं देश का सिपाही हूं, कुर्बानी दे देंगे हम वतन के लिए,चंदन है इस देश की माटी तपोभूमि हर ग्राम है हर बाला देवी की प्रतिमा बच्चा–बच्चा राम है,आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की आदि देशभक्ति गीत सुनाकर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने देश के प्रति अपनी सच्ची देशभक्ति का परिचय दिया। अंत में कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र–छात्राओं को विद्यालय प्रमुख द्वारा पुरस्कृत किया गया ।इस मौके पर गुड्डू चौबे, डॉ०संजय दुबे, प्रबंधक सुधीर दुबे , सलिल कुमार दुबे (सोनू),सुनील कुमार दुबे(अधिवक्ता मऊ)संजू दुबे, रेनू दुबे, शशिप्रभा कुमारी,आंचल कुमारी, जयनारायण यादव, सर्वोदय मौर्य,सादिक अंसारी, श्यामसुंदर चंदन राम (ग्राम प्रधान)पल्टन राम आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता रविशंकर उर्फ चंदन(ग्राम प्रधान) तथा संचालन संजय कुमार दुबे ने किया ।अंत में सभी के प्रति प्रबंधक सुधीर कुमार दुबे ने आभार व्यक्त किया।

# आजादी का अमृत महोत्सव स्वतंत्रता दिवस पर ब्रेथ ईजी टीम ने किया ध्वजारोहण



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। ब्रेथ ईजी अस्पताल की ओर से 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम डॉ. एस.के पाठक (वरिष्ठ टी. बी, चेस्ट, एलर्जी रोग विशेषज्ञ) के नेतृत्व में ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, अस्सी वाराणसी एवं ब्रेथ ईजी मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, रामनगर में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्र गान से हुई जिसके उपरान्त डॉ. एस.के पाठक ने भारतीय तिरंगे को सलामी दी व भारतीय शूर वीर के आन–बान–शान की गाथा सुनायी व मिठाइयों का वितरण किया इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित गण के साथ–साथ मरीज भी उपस्थित थे द्य डॉ. एस.के पाठक ने बताया कि स्वस्थ्य भारत के निर्माण के लिए समाज का स्वस्थ्य होना अति आवश्यक हैं। डॉ. एस.के पाठक के नेतृत्व में हुई इस कार्यक्रम में ब्रेथ ईजी चेस्ट फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी के सदस्यों ने भी बढ़ – चढ़कर हिस्सा लिया जिसमे डॉ. स्वपनिल, डॉ. सौरभ, सुनील उपाध्याय, अभिषेक केशरी, अश्विनी पाठक, मनोज, रतन, प्रकाशमणि, रत्नेश सहित इत्यादि लोग सम्मिलित थे।

# अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा संयोजक मुकेश कुमार कसेरा के नेतृत्व में निकला



प्रखर रामनगर वाराणसी। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित तिरंगा यात्रा में हजारो लोग के संख्या में धुमधाम से मनाया गया। समापन राष्ट्रगान के साथ शास्त्री घात पर किया गया। जिसमें कांशी क्षेत्र के अध्यक्ष श्री दिलीप सिंह पटेल ने झंडी दिखाकर रवाना किया जिसमें रामनगर की कराटे चौंपियनशिप में गोल्ड मेडलिस्ट आकांक्षा वर्मा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम को संबोधित किया रामनगर के पार्षद श्रीमती मोनिका पार्षद प्रतिनिधि मनोज यादव दुर्गा सहानी अंश राज चौहान दिपक मान सिंह आशीष यादव, पुस्तकालय मंत्री सिद्धार्थ कसेरा, राकेश, कमलेश,राहुल, कुलदीप सिंह,संजय पांडेय, राजिंदर शंकर पटेल, नीरज गुप्ता, राजेश गुप्ता, इत्यादि।

# सपा कार्यालय समता भवन पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने किया ध्वजारोहण



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के कार्यालय समता भवन और लोहिया भवन पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देशवासियों की तमाम शहादत और लम्बे संघर्ष के पश्चात देश को ब्रिटानी हुकूमत से छुटकारा मिला और देश आज ही के दिन आजाद हुआ। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में समाजवादियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हमारे महापुरुष डॉ लोहिया, आचार्य नरेन्द्र देव और जयप्रकाश जी ने इस आजादी की लड़ाई के अग्रणी नेता रहे। आजादी की लड़ाई इनके इर्द–गिर्द घूमती रही। उन्होंने कहा कि लम्बे संघर्ष के बाद मिली आजादी को बचाये रखने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्य रूप से राज्य कार्यकारिणी के आमंत्रित सदस्य रामधारी यादव, पुर्व जिलाध्यक्ष डॉ नन्हकू यादव, आत्मा यादव,अशोक कुमार बिंद, रविन्द्र प्रताप यादव अरुण कुमार श्रीवास्तव, विभा पाल, दिनेश यादव, अमित ठाकुर, सदानंद यादव, विनोद पाल, गोपाल यादव, जगत मोहनबिंद, रीता विश्वकर्मा, अनीता यादव, चन्द्रिका यादव, उपेन्द्र यादव रीना यादव, नफीसा बेगम, कंचन रावत, छन्नू यादव, शिवशंकर यादव , हरिवंश यादव आदि मौजूद रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं